समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 28 August 2026

# राजस्थान मे दिखा इंसान जितना बड़ा चमगादड़, 'उड़ने वाली लोमड़ी' का वीडियो वायरल

Publisher
Published on 01 Oct 2025



राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के शाहपुरा क्षेत्र के सुरली कल्याणपुरा गांव में मंगलवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों ने आसमान में एक बेहद विशालकाय चमगादड़ को उड़ते हुए देखा। यह चमगादड़ आकार और शक्ल दोनों ही लिहाज से असामान्य था। ग्रामीणों ने बताया कि इस जीव का चेहरा किसी लोमड़ी जैसा दिखाई दे रहा था और उसके पंखों का फैलाव किसी इंसान की ऊंचाई के बराबर था। इसे देखते ही गांव के लोगों में कौतूहल और डर का माहौल पैदा हो गया।

### उड़न लोमड़ी या विशाल चमगादड़ ?

स्थानीय लोग इस रहस्यमयी जीव को 'उड़न लोमड़ी' कह रहे हैं। दरअसल, वैज्ञानिक भाषा में इस जीव को **फ्लाइंग फॉक्स (Flying Fox Bat)** कहा जाता है। यह चमगादड़ की प्रजाति का हिस्सा है और आकार में सामान्य चमगादड़ों से कहीं अधिक बड़ा होता है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने पहले कभी इतने बड़े चमगादड़ को नहीं देखा था। पंखों का फैलाव 5 से 6 फीट और शरीर की लंबाई करीब 3 फीट आंकी जा रही है।

### ग्रामीणों मे उंत्सुकता और भय का माहौल

जैसे ही यह चमगादड़ पेड़ों के बीच मंडराता दिखा, लोग अपने घरों से बाहर आ गए और वीडियो बनाने लगे। कई ग्रामीणों ने इसकी तस्वीरें भी खींचीं। कुछ लोग इसे अलौकिक शक्ति का प्रतीक मान रहे थे तो कुछ इसे अशुभ संकेत बता रहे थे। वहीं बच्चे और महिलाएं इसे देखकर भयभीत हो गईं।

ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना वन विभाग को भी दी है। उनका कहना है कि अगर यह चमगादड़ गांव में बार-बार आता है तो लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ सकती है।

### वैज्ञानिकों की राय

विशेषज्ञों के अनुसार, यह **इंडियन फ्लाइंग फॉक्स (Pteropus giganteus)** हो सकता है, जो भारतीय उपमहाद्वीप में पाया

जाने वाला एक आम लेकिन बड़ा चमगादड़ है। यह प्रजाति इंसानों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाती और मुख्य रूप से फलों, फूलों के रस और पराग पर निर्भर रहती है। हालांकि, अपने विशाल आकार की वजह से यह ग्रामीणों के बीच अक्सर चर्चा और डर का कारण बन जाता है।

वन्यजीव विशेषज्ञ बताते हैं कि उड़ने वाली लोमड़ी वास्तव में पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बेहद उपयोगी है। यह पेड़ों के बीज फैलाने और परागण में मदद करती है। लेकिन ग्रामीण इलाकों में जब लोग इसे अचानक देखते हैं तो इसके आकार और शक्ल से डर जाते हैं।

### वीडियो हुआ वायरल

जैसे ही इस विशाल चमगादड़ का वीडियो सोशल मीडिया पर डाला गया, यह तेजी से वायरल होने लगा। लोग अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ यूजर्स इसे देख हैरान हैं तो कुछ इसे हॉरर फिल्मों जैसा बता रहे हैं। वहीं, कई लोग इसे प्रकृति का अनोखा चमत्कार मानकर सराहना भी कर रहे हैं।

### अंधविश्वास और अफवाहे भी फैलीं

गांव में इस विशालकाय चमगादड़ को लेकर कई तरह की अफवाहें और अंधविश्वास भी फैल गए हैं। कुछ लोगों ने कहा कि यह अशुभ संकेत है और गांव में विपत्ति आने वाली है। वहीं कुछ ने इसे 'पिशाच चमगादड़' तक कह दिया। हालांकि वन विभाग और स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और इसे एक प्राकृतिक जीव के रूप में देखें।

### वन विभाग की सक्रियता

शाहपुरा वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने घटना की जानकारी प्राप्त कर ली है और विशेषज्ञ टीम को क्षेत्र में भेजा गया है। टीम इस बात की जांच करेगी कि वास्तव में यह कौन-सी प्रजाति है और क्या यह क्षेत्र के लिए नई है। अधिकारियों ने लोगों से कहा है कि घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि उड़ने वाली लोमड़ी इंसानों के लिए खतरनाक नहीं होती।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.